# (1) One Day National Webinar on "Movement of August Revolution in Indian Independence Movement"

(भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अगस्त क्रांति की हलचल)

**Date : 11.09.2021**



GOVT. (AUTO.) GIRLS P.G. COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

ई–न्यूज पत्र

# संवाद

संरक्षक
प्राचार्य
डॉ. इला तिवारी

अंक 01/2021

संकलन एवं सम्पादन द्वय
डॉ. अंजना नेमा
डॉ. निशा इंद्र गुरू



## एक्सीलेंस गर्ल्स कालेज में एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन

सागर 11 सितंबर 2021। शासकीय स्वशासी कन्या स्नात. उत्कृष्टता महावि. सागर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अगस्त क्रांति की हलचल विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया।

वेबिनार समन्वयक डॉ. रश्मि दुबे तथा सचिव डॉ. अंजना चतुर्वेदी थीं। छत्तीसगढ़ के साहित्यकार डॉ. के.सी. बाघ ने नरम दल व गरम दल की क्या भूमिका थी स्वतंत्रता आंदोलन मे इसके बारे में बताया गया सा ही इतिहास से नयी पीढ़ी को जोड़ने को कहा। गुजरात की विद्वान वक्ता डॉ. सरिता जैन ने कहा हमें आज के भारत को सुरक्षित रखना है। मध्यप्रदेश के इतिहासकार डॉ. आनन्द राणा ने भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन की समीक्षा बताई तथा अगस्त क्रांति की तथ्यात्मक जानकारी प्रस्तुत की उत्तरप्रदेश के जाने माने हिन्दी प्रोफेसर डॉ. अश्विनी शुक्ला ने (9 अगस्त) अगस्त क्रांति पर एक कविता बोली। राजस्थान से डॉ. ललित पवार ने अपने वक्तव्य में कहा कि बिट्रिश अत्याचार बहुत ज्यादा था और महात्मा गाँधी ने राष्ट्रीय आन्दोलन का आव्हान किया उसी से आज हम स्वतंत्र है।

इस वेबिनार में विभिन्न प्रांतों के महाविद्यालयों से बहुत से विद्वान श्रोता ऑनलाइन से जुड़े हुये है।



## नगर विधायक का महाविद्यालय सत्रारंभ में आगमन

सागर 13 सितंबर 2021। शासकीय स्व. कन्या स्नात. उत्कृष्टता महावि., सागर में सत्रारंभ कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती पूजन एवं संगीत की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत तथा सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। सागर नगर के जनप्रिय विधायक माननीय श्री शैलेन्द्र जैन ने महाविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुये कहा कि कोरोना में मुझे वह अवसर मिला जब अपने सूक्ष्म परिवार के प्रति दायित्व के साथ सम्पूर्ण नगर के लिए अपनी जिम्मेदारी निर्वहन का प्रयास किया।

क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक सागर संभाग सागर डॉ. जी. एस. रोहित ने कहा कि बधाओं से घबराना नहीं बल्कि उनका सामना करते हुये नवीन परिवेश को अपनाना होगा तभी हम शैक्षणिक जगत में कामयाब हो पायेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने अतिथियों के समक्ष महावि. की समस्याओं का जिक्र किया तथा उन्हें शीघ्र अतिशीघ्र निदान करने का निवेदन किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा कि व्यक्तित्व का निर्माण व्यक्ति की कार्य प्रणाली से होता है। आभार प्रदर्शन करते हुए डॉ. रेनुबाला शर्मा ने कहा कि नगर विधायक सर्वहारा वर्ग के हितैषी व्यक्ति हैं। इस कार्यक्रम में डॉ. नरेन्द्रसिंह ठाकुर, डॉ. आशा पाराशर, डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. संजय खरे, डॉ. अंजना नेमा, डॉ. रेखा बख्शी, डॉ. निशाइन्द्र गुरू, डॉ. सुनीता त्रिपाठी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं समस्त अतिथि विद्वान उपस्थित थे।



## विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन

दिनांक 14 सितम्बर 2021 को शासकीय स्व. कन्या स्नात. उत्कृष्टता महावि. सागर में हिन्दी भाषा को राष्ट्र भाषा का अधिकारिक दर्जा प्राप्त होने के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला हिन्दी दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। डॉ. हरिसिंह गौर वि. वि. सागर के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर आनंद प्रकाश सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे।



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हिन्दी भाषा समुद्र की तरह है जो दूसरी भाषाओं के शब्दों को अपने में सहजता से समाहित कर लेती है। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा अभिव्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ माध्यम मातृभाषा होती है। महिला काव्य मंच के संयोजन में "स्वतंत्रता आन्दोलन में महिलाओं की भूमिका" विषय पर छात्राओं हेतु निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। काव्य मंच की अध्यक्ष डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कि निबंध प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए प्रमाण पत्र का वितरण मंचीय अतिथियों द्वारा करवाया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान– खुशी राज बी.

# (2) One Day National Workshop on

# "Role of Family and Society in Development of Women"


## (महिलाओं के विकास में परिवार एवं समाज की भूमिका)

### Date : 20.09.2021

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर द्वारा ''महिलाओं के विकास में परिवार एवं समाज की भूमिका'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का दिनांक 20 सितंबर 2021 को ऑनलाईन मोड में आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न अंचलो से विद्वान वक्ता और प्रतिभागियों ने सहभागिता की एवं अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये। उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य एवं कार्यशाला की संरक्षक डॉ. इला तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलायें स्वयं शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनें और महिलाओं में निर्णय क्षमता विकसित करना एवं उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनाना समाज एवं परिवार का दायित्व है। कार्यशाला समन्वयक डॉ. अंशु सोनी ने कार्यशाला की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि संवैधानिक कानून, योजनाओं के वाबजूद महिलाओं का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया, महिलायें सम्मान एवं सुरक्षा बोध के साथ जीवन जियें, यह समाज का दायित्व है। प्रमुख वक्ता प्रो. ए.पी. सिंह, काशी हिन्दू वि.वि. वाराणसी ने कहा कि महिलाओं के व्यक्तित्व विकास में परिवार एवं समाज का उनके प्रति सकारात्मक मूल्यांकन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. अनुपमा पंडित सक्सेना डॉ. हरिसिंह गौर केन्द्रीय वि.वि. सागर ने अपने पावर पोइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मौजूद महिला अधिकार एवं कानूनों का विश्लेषण किया एवं अजन्मी बच्ची से लेकर जीवन पर्यन्त महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. हेमलता जोशी जयनारायण व्यास वि.वि. जोधपुर ने अंग्रेजी वर्णमाला के ए टू जेड फार्मूले के माध्यम से महिलाओं के व्यक्तित्व विकास के गुणों पर चर्चा की। श्रीमती नीलमणि लड़िया डिस्ट्रिक्ट कमांडेन्ट होमगार्ड रायसेन ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलायें एवं लड़कियां अपनी सुरक्षा एवं अधिकार के प्रति जागरूक रहें एवं आवश्यकता पड़ने पर हेल्प लाईन नंबर 1091 पर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती हैं। श्रीमती धारणा पटैल सामाजिक कार्यकर्ता गुजरात एवं मध्यप्रदेश ने कहा कि समाज की सकारात्मक सोच ही महिलाओं को आगे बढ़ा सकती है।

कार्यशाला का संचालन एवं आभार आयोजन सचिव डॉ. अपर्णा चाचोंदिया ने करते हुये कहा कि महिला का विकास एवं सम्मान सर्वप्रथम परिवार से ही प्रारंभ होता है, जो कि समाज में पहचान दिलाता है। कार्यशाला में महाविद्यालय की छात्राओं एवं प्रतिभागियों द्वारा विषय विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर जिज्ञासाओं का समाधान किया। समापन अवसर पर समन्वयक डॉ. अंशु सोनी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. संजय खरे, डॉ. हरिओम सोनी, डॉ. शीतांशु राजोरिया, श्री पुष्पेन्द्र पाण्डेय, श्री दिनेश पाण्डेय का विशेष सहयोग रहा।


शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)
एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला
महिलाओं के विकास में परिवार
एवं समाज की भूमिका
दिनांक : 20.09.2021, सोमवार
समय : दोपहर 12.00 बजे से
डॉ. अंशु सोनी
डॉ. इला तिवारी
संरक्षक/प्राचार्य
डॉ. अपर्णा चाचोंदिया
आयोजन सचिव


ANAND PRAKASH SING
ANSHU SONI
Dr. Ram Kumar Dangi
Neelmani ladiya
Dr.Hariom Soni
Himani Namdeo
Dharna Patel
68 others
You
Turn off camera (ctrl + e)
12:28 PM | "महिलाओं के विकास में परिवार एवं समाज की भूमिका"

# (3) One Day Workshop on "National Education Policy 2020"

## (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020)

**Date : 30.09.2021**









ए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय मुस्कान दांगी बी.एस.सी. तृतीय ममता अहिरवार बी.ए. तृतीय को प्राप्त हुआ।
वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने आभार मानते हुये हिन्दी की उपयोगिता बताई।



## महाविद्यालय के नवीन भवनों को लोकार्पण एवं भूमिपूजन

दिनांक 24 सितम्बर 2021 को शासकीय स्वशासी कन्या स्नात. उत्कृष्टता महावि. सागर के नवीन भवन का लोकार्पण एवं अन्य भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन। डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति की वृहत चर्चा की। उन्होंने कहा कि सागर शिक्षा के लिये बहुत पहचाना नाम है यह शिक्षा की नगरी के नाम से पहचाना जाता है। शिक्षा का बहुत टेलेन्ट बुन्देलखंड में है यह वीरों की बलिदान भूमि है। ब्रिटिश सरकार ने 1835 में अपनी शिक्षा नीति लागू कर भारतीय शिक्षा, संस्कृति को नष्ट कर दिया था जो नई शिक्षा नीति 2020 से पुनः हमारी प्रतिष्ठा स्थापित होगी। नई शिक्षा नीति से विकास होगा। अब रिसर्च भी होगा। बच्चे स्वावलंबी बनेंगें। नई शिक्षा नीति में कृषि व अन्य व्यवसाय के बारे में बताय। उन्होंने छात्र–छात्राओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुये महाराजा छत्रसाल बुन्देलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर का हेल्प सेंटर खोलने की घोषणा की।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सागर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री राजबहादुर सिंह ने कहा कि हम इस संस्था को हम सभी डिग्री कालेज के नाम से जानते है। इस संस्था के कारण बुन्देलखण्ड की बालिकाओं कि शिक्षा के लिए सुविधा उपलब्ध रहती है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि यह नवीन भवन लोकार्पण समारोह भविष्य के लिए अत्यन्त शुभ होगा एवं भवन उपलब्ध होने से हम नैक परीक्षण में भी हम अधिक अंक प्राप्त कर पाएगें। साथ ही बुन्देलखण्ड में शिक्षा के विस्तार का भी माध्यम बनेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि यह महाविद्यालय सागर के अभिभावकों की दृष्टि में सुरक्षित एवं विश्वनीय अध्ययन केन्द्र हैं। यदि इसे विश्वविद्यालय बनाने की कोशिश करेंगे तो यह बुन्देलखंड के लिये शिक्षा का प्रमुख केन्द्र के रूप में विकसित होगा। एन.सी.सी. छात्राओं के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुये उन्हें सुविधायें प्रदान करने की घोषणा की। महाविद्यालय की शोध पत्रिका जो आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विशेषांक स्वरूप प्रकाशित की गई है उसे उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा विमोचित किया गया। महाविद्यालय की एन.सी.सी. की छात्राओं ने बैंड बजाकर एवं एन.एस.एस. की छात्राओं ने बधाई नृत्य एवं पुष्पवर्षा से महाविद्यालय भवन में माननीय डॉ. मोहन यादव का स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त परिवार बड़ी संख्या में एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं अन्य छात्राओं के साथ उपस्थित रहा।




## राष्ट्रीय शिक्षा नीति का समाज में प्रचार प्रसार

दिनांक 30.09.2021 को शासकीय कन्या उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्ररिपेक्ष्य में शैक्षिक जगत में रूचि रखने वाले प्रबृद्धजन, शिक्षाविद एवं स्थानीय उद्योगपति एवं कियोस्क संचालकों इत्यादि के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इय कार्य शाला का प्रमुख उद्देश्य फील्ड प्रोजेक्ट, इन्टर्नशिप, प्रशिक्षुता, सामुदायिक जुड़ाव एवं सेवा के लिये विद्याथियों को सम्बद्ध किया जाना है।
प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला म.प्र. देश का पहला राजय है हम सभी को इसको समझ कर आगे बढ़ाना है जिससे छात्र हित में विकास के कार्य हो सकें। कार्यशाला की संयोजक डॉ. सुनीता सिंह ने इस कार्यशाला के उद्देश्य बताते हुये कहा कि यह नीति व्यवहारिक धरातल पर आकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लायेगी तथा नई शिक्षा नीति से सभी को परिचित कराया एवं नई शिक्षा नीति में भविष्य में विद्यार्थियों को अनेक रोजगार उपलब्ध कराने के अवसर बताये। कार्यशाला में सागर शहर के बुद्धिजीवों वर्ग, प्रतिष्ठित पत्रकार व उद्योगपति, व्यवसायी शामिल हुये। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि शासन की मंशानुसार इस कार्यशाला का आयोजन समाज में नई शिक्षा नीति के प्रचार प्रसार हेतु किया गया है एवं जिन वर्गों को आमंत्रित किया गया है उनके माध्यम से हम अपने उद्देश्य को पूर्ण करने में निश्चित रूप से सफल होंगे। एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य ने नई शिक्षा नीति को परिवर्तन के लिये प्रगति के लिये अनिवार्य बताया है। शिक्षा जगत में सुखद परिवर्तन को स्वीकारना होगा। आर. के. वैद्य ने नई नीति के द्वारा विद्यार्थियों को आगे लाना है।
नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रशिक्षण पी.पी.टी. के माध्यम से डॉ. शीतान्षु राजौरिया ने दिया, कार्यशाला की सदस्य डॉ. प्रतिभ खरे, डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने भी नइ शिक्षा नीति को विद्यार्थियों के हित में बताया संचालन डॉ. श्वेता ओझा ने किया तथा आभार डॉ. रश्मि दुबे ने दिया।
एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य ने नई शिक्षा नीति को परिवर्तन के लिए प्रगति के लिए अनिवार्य बताया है। शिक्षा जगत में सुखद परिवर्तन को स्वीकारना होगा। आर.के. वैद्य ने नई नीति के द्वारा विद्यार्थियों को आगे लाना है।

## (4) Two Days Hands-on Workshop on "Solar Power Plant As Sustainable Business Model For Women Entrepreneur"

### Date : 28.03.2022 to 29.03.2022



# महिला उद्यमियों के लिए स्थायी व्यापार मॉडल के रूप में सौर ऊर्जा संयंत्र पर व्यावहारिक कार्यशाला

सागर दिनांक 28 मार्च 2022 शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा Hands on Workshop on Solar Power Plant **As** sustainable Business Model For Women Emterpreneur पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि डॉ.जी.एस रोहित, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग, सागर विशिष्ट अतिथि डॉ. नीरज दुबे विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग सागर, वित्तीय सलाहकार दीपक नीखरा एस.बी.आई सहायक जरनल मैनेजर सागर, तकनीकी विशेषज्ञ इंजीनियर महेन्द्र अहिरवार इंजीनियर गोविंद अहिरवार, मयंक चौकसे, राहुल यादव, स्टार्अप इनक्यूबेटर डॉ. दीपक सिंह, इनफ्लंसर इंजीनियर एस.आर.सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने की तथा कार्यशाला की संयोजक डॉ. दीपा खटीक रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती जी की पूजन से की गई इसके पश्चात अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह दे कर किया गया कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य डॉ. दीपा खटीक द्वारा प्रस्तुत की गई। डॉ. सुभाष हर्डीकर द्वारा सोलर पॉवर प्लांट ऊर्जा को विद्युत का बहुत अच्छा विकल्प बताते हुए सोलर ऊर्जा को एक बहुत अच्छा महत्वपूर्ण संसाधन बताते हुए छात्राओं को जागरूकता प्रदान करी तथा स्वरोजगार की ओर अग्रेसित किया। डॉ. जी.एस.रोहित सर बडा अच्छा विषय कहते हुए सभी शुभकामाएं दी। ऊर्जा संकट के विषय में चर्चा करते हुए सोलर ऊर्जा को बहुत अच्छा स्त्रोत कहा। हमारा प्रदेश इस ओर जागरूक है। सौर ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर सकें बड़े आराम से बिजली प्राप्त हो जाती है तो अभी उसकी उपयोगिता नहीं है परन्तु आने वाले समय में यह बहुत उपयोगी होगा। दूर–दराज के गांवो में बिजली की जरूरत को पूरा करने का प्रयास करना चाहिए तथा महिलाओं को होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। डॉ. नीरज दुबे ने ग्रामीण महिलाओं को होने वाली समस्याओं को बताते हुये कहा कि जब हमें बिजली की आवश्यकता होती है तब बिजली नहीं मिलती तब बिजली की निर्भरता खत्म होती है। सोलर ऊर्जा बहुत ही उपयोगी साबित होगी विद्यार्थी स्वंय ही रोजगार देने वाला बनें। कच्चे माल से बच्चे सोलर सेल का निर्माण कर आत्मनिर्भर बने। सोलर की मांग के साथ ही उसके रोजगार के लिए व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। सभी क्षेत्रों से श्रेष्ठ सोलर सेल को बताया। सोलर पावर प्लांट की उपयोगिता जागरूकता तथा रोजगार के बारे में अच्छा विषय बताया। प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिये शुभकामनायें दी तथा इसी कार्यशाला का इनक्यूबेशन सेंटर बनाने के लिये अतिरिक्त संचालक सागर से मौखिक स्वीकृति ली।

मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यशाला संयोजक डॉ. दीपा खटीक ने किया। इस कार्यशाला में डॉ. रेनूबाला शर्मा, डॉ. नवीन गिडियन, डॉ. अंजना नेमा, डॉ. अंशु सोनी, डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. शक्ति जैन, डॉ. रजनी दुबे, डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. मोनिका हर्डीकर, डॉ. संजय खरे, श्री दिनेश पाण्डेय सहित भौतिक शास्त्र विभाग के समस्त सदस्य एवं अत्यधिक संख्या में छात्रायें उपस्थित रहीं।

# (5) Skill Development Course (30 Hrs.) "Beauty Care"

## Date : 27.12.2021 to 14.01.2022






# Govt. Auto. Girls P.G. College of Excellence, Sagar (M.P.)

Reaccredited "A" By NAAC with CGPA 3.02/4.00

## 30 Hours Certificate Course in

# BEAUTY CARE

"Under the aegis of IQAC"

*Certificate*

*This is to certify that*

**Vishakha Sen (B.Sc. II Year)**

*has Participated and successfully Completed*

*30 hrs certificate course in Beauty Care*

*held from 27th December 2021 to 14th January 2022*

| Dr. Bhawan Ramaiya | Dr. Anjana Nema | Prof Naveen Gideon | Dr. Ela Tiwari |
|---|---|---|---|
| Course Co Co-ordinator | Course Co-ordinator | NACC Co-ordinator | Patron/Principal |